हरिभूमि


गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 9 अगस्त 2026

06 मानसून की बेरुखी से मंडराया फसलों पर...



09 भाजपा मंडल अध्यक्ष की मां को हिप्नोटाइज कर बदमाश जेवर...



समाचार संक्षेप

चित्रगुप्त कायस्थ मंदिर न्यास आज पितृ वन में करेगा पौधारोपण

गुना। श्री चित्रगुप्त कायस्थ मंदिर न्यास द्वारा आज 9 अगस्त रविवार को सुबह 7:30 बजे स्थानीय ए बी रोड स्थित पितृ स्मृति वन ट्रांसपोर्ट नगर चिंताहरण के पास पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही पितृ स्मृति वन के संस्थापक अनूप सोढ़ी एवं उनकी टीम का सम्मान भी किया जाएगा।न्यास के सचिव वीरेंद्र कुमार निगम ने इस अवसर परमंदिर न्यास के सभी संरक्षक, आजीवन सदस्यों एवं समाज जन से पधारने का अनुरोध किया है।

अवैध बजरी परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

गुना। जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में संचालित अभियान के तहत गुरुवार रात्रि को आरोन क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बजरी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर संबंधित थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया। जब्त वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई है।

आज विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

गुना। सहायक प्रबंधक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि 33/11 केवी नानाखेड़ी सब-स्टेशन पर रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य के चलते 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक कोल्हूपुरा, शिवाजी नगर, ईदगाह बाडी, संगम कॉलोनी, सिसोदिया कॉलोनी, न्यूसिटी कॉलोनी पार्ट-2, संत सुधा सागर कॉलोनी, कबीर की बाडी, शांति पब्लिक स्कूल, सिसोदिया कालोनी, दुर्गा कॉलोनी, जगदीश कॉलोनी, अन्नपूर्णा कॉलोनी, कर्नलगंज, हेड पोस्ट ऑफिस त्रिमूर्ति कालोनी, कोल्हूपुरा, व्हीआईपी कॉलोनी, न्यू सिटी कॉलोनी, दलवी कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नानाखेड़ी मंडी, दीनदयाल नगर, गोपालपुरा, एम.पी. नगर, नानाखेडी, यादव रॉयल सिटी, पेंशनर मोहल्ला, ऊमरी हाउस, पुलिस कंट्रोल रूम, वृद्धाश्रम, भगत सिंह कॉलोनी, सामरसिगा एवं बी.एस.एन.एल. ऑफिस का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। समय को आवश्यकतानुसार घटाया व बढ़ाया जा सकता है।

नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त

गुना। जवाहर नवोदय विद्यालय, बजरंगगढ़ (जिला गुना) में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अगस्त 2026 कर दी गई है।प्राचार्य ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही आवेदन कर दिया है, वे 11 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने आवेदन में सुधार कर सकेंगे। इस दौरान परीक्षा का माध्यम, जाति, लिंग तथा दिव्यांगता संबंधी जानकारी में संशोधन किया जा सकेगा। कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी।

किशोर स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई गति, अभियान की समीक्षा

गुना। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित "सक्षम साथिया–सशक्त समुदाय" अभियान के तहत DEIC के प्रशिक्षण हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 तक उमंग स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत परामर्शदाताओं एवं साथिया कार्यक्रम के प्रशिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आर.आर. माथुर ने सभी संबंधितों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कांवड़ लेने उज्जैन जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चार घायल

1 ट्रैक्टर से जुड़ी 2 ट्रॉलियों में सवार थे 40 श्रद्धालु, गादेर पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम जेतपुरा, ग्राम पंचायत जोहरी से करीब 40 श्रद्धालुओं को लेकर उज्जैन कांवड़ लेने जा रहा ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन शनिवार को राघौगढ़ क्षेत्र की गादेर घाटी पर अनियंत्रित होकर पलट गया। अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में चार श्रद्धालुओं को चोटें आई हैं, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार अन्य श्रद्धालु सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

प्राथमिक उपचार के बाद भेजा जिला अस्पताल

जानकारी के अनुसार ग्राम जेतपुरा से करीब 40 श्रद्धालु कांवड़ लेने के लिए उज्जैन की ओर रवाना हुए थे। श्रद्धालु एक ट्रैक्टर से जुड़ी दो ट्रॉलियों में सवार थे। यात्रा के दौरान राघौगढ़ क्षेत्र में गादेर घाटी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद ट्रॉलियों में



सवार श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना मिलने पर दो एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंचीं और घायल श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गुना भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में घायलों का उपचार जारी है। राहत की बात यह है कि सभी घायल खतरे से बाहर बताए गए हैं।

प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे

हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी सक्रिय हो गए। एसडीएम राघौगढ़ अमित सोनी, एसडीओपी दीपा डुडवे तथा थाना रूठियाई प्रभारी रोहिल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। अधिकारियों ने घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के साथ ही मौके पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं की स्थिति की भी जानकारी ली।घटना के बाद प्रशासन की टीम ने स्थिति को संभाला और यह सुनिश्चित किया कि दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जाए। अन्य श्रद्धालुओं के सुरक्षित होने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने भी राहत की सांस ली।

कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा टला

श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेने विभिन्न धार्मिक स्थलों की ओर जा रहे हैं। इसी क्रम में जेतपुरा से भी श्रद्धालुओं का समूह उज्जैन के लिए रवाना हुआ था। गादेर घाटी में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की घटना में चार लोगों के घायल होने के बावजूद सभी यात्रियों के सुरक्षित बच जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस द्वारा घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

फरार वारंटियों की धरपकड़ अभियान

11 साल पुराने चोरी के मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



चांचौड़ा पुलिस टीम द्वारा बडी. सफलता हासिल करते हुए चोरी के 11 वर्ष पुराने एक प्रकरण एवं माननीय उच्च न्यायालय से जारी जमानती वारंट में फरार वारंटी गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में आरोपी घनश्याम पुत्र शिवनारायण शिल्पकार निवासी बरवटपुरा, बीनागंज थाना चांचौड़ा के द्वारा चोरी की एक घटना को लेकर जिसके विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अपराध धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ था । उक्त प्रकरण में आरोपी के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर माननीय न्यायालय चाचौडा द्वारा उसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 886/15 में आरोपी के विरुद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में जमानती वारंट जारी किया गया । इस प्रकार आरोपी दोनों प्रकरणों में लंबे समय से पुलिस एवं न्यायालय की गिरफ्त से बाहर चल रहा था । चांचौड़ा थाना पुलिस द्वारा दोनों प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी घनश्याम शिल्पकार की निरंतर तलाश की जा रही थी । जिसकी तलाश के क्रम में आज दिनांक 08 अगस्त 2026 को मुखबिर सूचना पर चांचौड़ा थाना पुलिस द्वारा तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी घनश्याम पुत्र शिवनारायण शिल्पकार उम्र 50 साल निवासी बरवटपुरा बीनागंज थाना चाचौडा जिला गुना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय चांचौड़ा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन का आयोजन

इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय शपथ ग्रहण समारोह में गुना ग्रुप की रहेगी सहभागिता







हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन मामा एवं पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आगामी 9 अगस्त 2026 (रविवार) को प्रातः 10:45 बजे इंदौर के दस्तूर गार्डन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं लघु उद्योग मंत्री चेतन्य कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष विजय मेहता करेंगे।

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप, गुना के अध्यक्ष आशीष टांटिया एवं सचिव विपिन टांटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय आयोजन में गुना ग्रुप की सक्रिय एवं गरिमामयी सहभागिता रहेगी। समारोह में गुना ग्रुप के वरिष्ठ एवं संस्थापक सदस्य प्रदीप लोढ़ा वरिष्ठ मार्गदर्शक, राजमल कोठारी चेयरमैन ग्रुप कॉर्डिनेटर तथा डॉ. शिल्पा टांटिया चेयरमैन, चिकित्सा प्रकोष्ठ के पद की शपथ ग्रहण करेंगे। इसके अतिरिक्त अवंतिका रीजन में मनोनीत चंद्रेश गोलेछा





रीजन उपाध्यक्ष तथा देवेश गोखरू रीजन चेयरमैन, मानव सेवा समिति के पद की भी शपथ ग्रहण करेंगे। आशीष टांटिया ने बताया कि इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप, गुना द्वारा तिरंगा थीम पर तैयार की गई विशेष रील भी समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं देशभर से आए समाजजनों के समक्ष प्रदर्शित की जाएगी, जो राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक समरसता का संदेश देगी।उन्होंने बताया कि यह समारोह देशभर के जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाजजनों के लिए एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी अवसर होगा। गुना ग्रुप के सभी सदस्यों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह है तथा बड़ी संख्या में सदस्य इंदौर पहुँचकर कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

अभ्युदय क्लब का 13वां पदस्थापना समारोह भव्यता से संपन्न

नई कार्यकारिणी ने ग्रहण किया दायित्व देशभक्ति की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



अभ्युदय क्लब का 13वां पदस्थापना समारोह स्थानीय द ग्रैंड कस्तूरी होटल में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य थीम "प्राचीन भारत से नवीन भारत" रही, जिसके माध्यम से भारत की गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं और आधुनिक विकास यात्रा को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया गया।समारोह में वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी ने पद एवं दायित्व की शपथ ग्रहण की। मीनू विजयवर्गीय ने अध्यक्ष, रीनू शिवहरे ने सचिव तथा मिनी बंसल ने कोषाध्यक्ष के रूप में दायित्व ग्रहण किया। नवीन पदाधिकारियों ने क्लब की सेवा भावना, सामाजिक सरोकारों एवं रचनात्मक गतिविधियों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।नवीन कार्यकारिणी द्वारा अपने बोर्ड ग्रुप का भी गठन किया गया, जिसमें *काजल अग्रवाल, टीनल जैन, दीप्ति अग्रवाल, आस्था सिंघल एवं गरिमा नेमा ,रूपम मुद्गल, गीतू अग्रवाल, नमीता अग्रवाल, नंदिनी रघुवंशी, पलक सिंघल ,सुष्मिता मंगल, स्मिता रघुवंशी ,शुभिका विजयवर्गीय, सेमी गुप्ता प्रांजल जैन यशा जैन*को बोर्ड सदस्य के रूप में शामिल किया गया। सभी बोर्ड सदस्यों ने क्लब की आगामी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग का संकल्प लिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों की देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुति रही। एशन्या विजयवर्गीय, जिया अग्रवाल, मीतिका अग्रवाल, भव्या अग्रवाल, प्रिशा जैन एवं हित्वी जैन ने शानदार प्रस्तुति के माध्यम से प्राचीन भारत की गौरवशाली विरासत से लेकर नवीन एवं विकसित भारत की यात्रा को मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया।

बच्चों की ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति से भरपूर प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों एवं क्लब सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं। कथा बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया, कोरियोग्राफर साक्षी पटवा को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वर्ष 2025-26 की पूर्व अध्यक्ष रिया जैन, पूनम पारिक एवं सपना जैन सहित क्लब के पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। (पूर्व अध्यक्ष), पूनम राठी, रेनू राठी, रेखा किरार, अंतू बंसल तथा क्लब की संस्थापक रेनू अग्रवाल की विशेष उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ाई।कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं ने भी सभी का उत्साह बढ़ाया। पंचवुअलिटी गेम में सेनू राठी एवं आस्था सिंघल विजेता रहीं, जबकि क्वेश्चन-आंसर राउंड में नमिता अग्रवाल, गरिमा नेमा ,सोनिया जैन ने विजेता का खिताब हासिल किया। विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कार्यक्रम संयोजक यशा जैन, प्रीति जैन एवं संध्या अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

श्रीमद् भागवत महापुराण कथा: गिरिराज महाराज को लगाया छप्पन भोग का प्रसाद

चितचोर बने माखनचोर, दामोदर लीला से ब्रज भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस पर श्री दास हनुमान मंदिर स्थित कथा स्थल भक्ति और आनंद से सराबोर रहा। व्यास पीठ से पंडित आशीष भार्गव ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल एवं दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए व्यास जी ने कहा कि चितचोर श्रीकृष्ण ने केवल माखन ही नहीं चुराया, बल्कि अपने प्रेम और करुणा से ब्रजवासियों के हृदय जीत लिए। भगवान ने ग्वाल-बालों और ब्रजवासियों के प्रति प्रेम प्रकट कर सच्ची भक्ति और समर्पण का संदेश दिया।माता यशोदा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को उखल से बांधने की दामोदर लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि इसी कारण भगवान का एक नाम 'दामोदर' पड़ा। इसी लीला के दौरान भगवान ने यमलार्जुन वृक्षों का उद्धार किया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण गोकुल से वृंदावन पहुंचे और अपनी दिव्य लीलाओं से वृंदावन की भूमि को पावन किया।कथा क्रम में अघासुर वध, ब्रह्मा जी का मोहभंग तथा कालिया नाग दमन की लीलाओं का



भी रसपूर्ण वर्णन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिया नाग का दमन कर उसे यमुना से दूर जाने का आदेश देने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।गिरिराज महाराज को लगाया छप्पन भोगपंचम दिवस पर गिरिराज गोवर्धन महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इसके पश्चात गिरिराज महाराज को 56 प्रकार के व्यंजनों से सजे छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। अन्नकूट के रूप में सजाया गया छप्पन भोग श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का मनोहारी प्रतीक बना रहा।

श्रद्धालुओं ने गिरिराज महाराज के दर्शन कर परिक्रमा भी की औरप्रसाद ग्रहण किया।कथा में दास हनुमान, मंदिरके पुजारी दीपक भार्गव,पूजा-अर्चना महेश भार्गव एवं रजनीश भार्गव द्वारा कराई जा रही है। कथा के दौरान संगीत एवं वाद्य संगत में तबले पर राजेश दाती, हारमोनियम पर चंदन सिंह, मंजीरे पर मुकेश जैन, पैड



पर गुलशन जोशी तथा माइक सेट की व्यवस्था महेश सोनी द्वारा संभाली जा रही है।कथा स्थल पर भजनों, भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और आरती से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से प्रेम, भक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश ग्रहण किया।

हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को सर्वव्यापी बनाएं: भाजपा जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनात्मक वार्षिक बैठक के निमित्त बमोरी विधानसभा क्षेत्र के म्याना मंडल की वार्षिक बैठक गत दिवस ग्राम टकनेरा में भाजपा ज़िलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती,राष्ट्रहित एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार और रचनात्मक सामाजिक समरसता आध्यात्मिक जैसे कार्यक्रम को लेकर समाज तक पहुंच कर लोगों को जाग्रत करती है। उन्होंने कहा की फरवरी माह तक संत रविदास के अनेक कार्यक्रम जिले में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका अति आवश्यक है। संत रविदास ने संपूर्ण जीवन समाज सुधार और शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं अपने आध्यात्मिक शक्ति का स्वरूप लेकर ईश्वर भक्ति को जागृत किया है।इस दौरान मंडल प्रभारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवपाल सिंह परमार ने कहा कि 9 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है,जिसमें हर गाँव कस्बे में हर घर तिरंगा अभियान सर्वव्यापी बने अपने राष्ट्र के प्रति स्वतंत्रता दिवस को देश के लिए शहीद हुए बलिदानों के सम्मान में यह यात्रा सर्वव्यापी के साथ सर्व स्पर्शी बनाने का कार्य करें ।इसके लिए हम नगर के हर वार्ड के गली और मोहल्ले में जनसंपर्क कर यात्रा को प्रभावशाली बनाएं।बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही अभी तक संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। इसके साथ ही दीनदयाल उपाध्याय बूथ डिजिटल प्रशिक्षण पर भी विस्तार रूप से चर्चा हुई ।

समाचार संक्षेप

आगामी कार्यक्रमों को लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने बैठक में की अहम मुद्दों पर चर्चा



गुना। विश्व हिन्दू परिषद की गुना विभाग बैठक शनिवार को एक निजी गार्डन में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह ने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर जोर देते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने का आह्वान किया। इसके बाद संगठन के कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई।बैठक में अखंड भारत संकल्प दिवस, बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा, स्थापना दिवस, दुर्गा अष्टमी, हुतात्मा दिवस, गोपाष्टमी, हितचिंतक अभियान, गीता जयंती एवं धर्मरक्षक दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तय की गई। इस अवसर पर प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा, प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी, प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह राजपूत, विभाग मंत्री दिलीप कुशवाह, विभाग संयोजक वेदराम लोधी, जिला अध्यक्ष इमरत सिंह सोलंकी, जिला मंत्री राकेश शर्मा सहित विभाग, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन विभाग सह मंत्री रामवीर यादव ने किया।

संयुक्त अभियानः नारायणपुरा में शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



चाचौड़ा। ग्राम नारायणपुरा में शुक्रवार को प्रशासन ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी चाचौड़ा, राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा की गई।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि ग्राम नारायणपुरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 15 एवं 294 पर अनावेदकगणों द्वारा किए गए कब्जे को नियमानुसार हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर पर्याप्त राजस्व अमला एवं पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

सर्वसम्मति से बनाया ओझा समाज का नया अध्यक्ष, माला पहनाकर किया स्वागत

राघोगढ़। ओझा समाज मंदिर परिसर में ओझा समाज समाज की साधारण मीटिंग का आयोजन किया जिसमें आगामी कार्यक्रम तैयारी एवं समाज के नए अध्यक्ष बनने पर चर्चा की गई। समाज के वर्ष जनों द्वारा सर्व सहमति से कैलाश नारायण ओझा को अध्यक्ष चुना गया। मीटिंग में सभी वरिष्ठ एवं युवा सम्मिलित हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा समाज से अपील की गई कि विश्वकर्मा जयंती भी मनाई जाएगी। सभी से आग्रह किया सभी समाज का सहयोग मिले समाज के वरिष्ठ जनों ने नई कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर साबरी नाथ , नोहर नीरपुर एवं आसपास के अन्य गांव के समाज बंधु मौजूद रहे।

सावन का महीना बीता जा रहा, अब तक सिर्फ 43 फीसदी बारिश

मानसून की बेरुखी से मंडराया फसलों पर संकट, खेतों को देख किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सावन माह का एक सप्ताह बीतने को है, लेकिन जिले का मुख्यालय गुना शहर अब भी अच्छी और लंबी झमाझम बारिश के लिए तरस रहा है। रोजाना सुबह से ही आसमान में काली घटाएं डेरा जमाती हैं, लेकिन चंद मिनटों की बूंदाबांदी के बाद बादल बिन बरसे ही आगे निकल जाते हैं। शुक्रवार को भी मौसम का अजीब मिजाज देखने को मिला, जहां शहर से महज कुछ किलोमीटर दूर राघौगढ़, पगारा और नेगमा क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई, वहीं गुना शहर लगभग सूखा ही रहा।

फसलों पर संकट किसानों की चिंता बढ़ी

बारिश के लंबे खींचने से क्षेत्र के किसानों की चिंताएं गहरा गई हैं। खेतों में खड़ी फसलें पानी के अभाव में



सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि मक्का और धान की फसल को इस समय भारी नुकसान पहुंच रहा है। यदि जल्द ही अच्छी बारिश नहीं हुई तो खरीफ की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी, साथ ही जलस्तर न बढ़ने के कारण आगामी रबी सीजन की बोवनी पर भी गहरा संकट छा जाएगा। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जिले में अब तक 457.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून से अब तक 2026 की सुबह तक कुल 457.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि सामान्य औसत बारिश (1053.5 मिमी) का मात्र 43.4 प्रतिशत ही है। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान जिले में 1166.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी थी, जो इस वर्ष की तुलना में ढाई गुना से भी अधिक थी। जिले के वर्षामापी केंद्रों के आंकड़ों पर नजर डालें तो बारिश का वितरण काफी असमान रहा है। 1 जून से अब तक कुंभराज व मक्सूदनगढ़ में राहत है। मक्सूदनगढ़ में सर्वाधिक 802.2 मिमी और कुंभराज में 696.0 मिमी बारिश हुई है। चांचौड़ा में 595.0 मिमी तथा राघौगढ़ में 375.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। सबसे खराब स्थिति गुना शहर और बमोरी क्षेत्र की है। गुना केंद्र पर अब तक महज 205.8 मिमी, बमोरी में 243.6 मिमी और आरोन में 290.0 मिमी बारिश ही हुई है। बीते 24 घंटों के दौरान भी जिले में औसतन 12.1 मिमी बारिश दर्ज हुई, जिसमें चांचौड़ा में 45 मिमी और राघौगढ़ में 24 मिमी पानी गिरा, जबकि गुना, बमोरी और आरोन केंद्र पूरी तरह सूखे रहे।

स्व. कासट को श्रद्धांजलि देने पहुंचे क्षेत्रीय सांसद और विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

सांसद रोडमल नागर और चांचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची ने विगत दिनों में कुंभराज नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र कासट के अवसान उपरांत शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से परामर्श किया। नेताद्वय नव निर्मित खाटूश्याम मंदिर गए, जहां उन्होंने पौधरोपण किया। नागरिकों ने मांग की है कि स्कूल प्रांगण, मंडी प्रांगण, अस्पताल प्रांगण, मेला ग्राउंड, बस स्टैंड ,कन्याशाला प्राथमिक विद्यालय आदि ऐसे बहुत से स्थान, जो पंचायत के जमाने से नगरपरिषद के आधिपत्य में हैं, उनमें अतिक्रमण किया गया है। कुछ लोग भाजपा संगठन को विश्वास में लिए बगैर माननीयों को बार-बार एक ही स्थान पर पौधरोपण करवा रहे है। यहां तक मुक्तिधाम की जमीनों पर भी इसी तरह अतिक्रमण कर जमीनों के कागजातों में हेराफेरी करवाकर जमीनें बेची भी है और अवैध कब्जे भी किए हैं इसलिए सरकारी जमीनों पर जो अतिक्रमण है उसे चिन्हित कर अतिक्रमण से मुक्त कराएं, जिससे इस जिले के बड़े व्यापारिक नगर कुंभराज का सुनियोजित तरीके से समग्र विकास हो सके।

जाट समाज सेवा समिति ने नव निर्मित तहसील परिसर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जाट समाज सेवा समिति के सदस्यों ने नए तहसील परिसर में वृक्षारोपण कर विशाल वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की, इस अवसर पर संगठन सदस्यों के साथ गुना तहसीलदार नगर शालिनी भार्गव एवं तहसीलदार ग्रामीण सुनील वर्मा भी मौजूद रहे, और समिति के सदस्यों के साथ मिलकर बरगद, पीपल, आमला, नीम जैसे औषधीय एवं छाँव दार पौधों का रोपण किया, तहसील परिसर के मध्य में त्रिवेणी का रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र सिंह जाट ने एवं आभार साहब सिंह जाट ने किया,इस अवसर पर अध्यक्ष जयसिंह जाट ने कहा कि आज हम सभी यहां केवल पौधे लगाने के लिए एकत्रित नहीं हुए हैं, बल्कि अपने आने वाले कल को सुरक्षित और हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ एकत्रित हुए। युवा अध्यक्ष अमन जाट ने कहा कि विशेष रूप से हमारे युवा साथियों से कहना चाहता हूं कि आज के इस अभियान को केवल एक कार्यक्रम न समझें। इसे एक जन-अभियान बनाएं। अपने घर, खेत, स्कूल, गांव और आसपास के क्षेत्रों में



अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें।हमारे पूर्वजों ने प्रकृति को हमेशा सम्मान दिया है। हमारी संस्कृति में पेड़-पौधों और प्रकृति का विशेष स्थान रहा है। इस अवसर पर जय सिंह जाट,दीपक चौधरी, देवेन्द्र सिंह सोलंकी,अमन जाट,कुलदीप सोलंकी, रामराजा जाट, दिनेश राणा, ईश्वर सिंह जाट, अमरजीत जाट, मनोज जाट, छोटू जाट, सौरभ जाट, विक्की जाट ,अमित खतरी,सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

प्रवचन मालाः पानी से नहाओगे तो लिवास बदलोगे पसीने से नहाओगे तो इतिहास बदलोगेः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य महान तपस्वी बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला में भाग्य एवं पुरुषार्थ पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा जैन आचार्य समंत भद्र स्वामी ने आत्म मीमांसा ग्रंथ में श्लोक के माध्यम से कहा है पुरुषार्थ और भाग्य से मिलकर काम होता है। सही कहा है अकेले भाग्य से काम नहीं होता है और न ही अकेले पुरुषार्थ से कम होता है। आपने कहा पूर्व जन्म में सकारात्मक कार्य किए हैं तो उससे भाग्य बनेगा। पूर्व जन्म में अगर गलत कार्य किए हैं तो इस जन्म में दुर्भाग्य बनेगा। अकेले भाग्य के भरोसे हमारा भला नहीं होने वाला है। श्रम, मेहनत और लगन से किए कार्य को पुरुषार्थ कहते हैं। आपने कहा हमारे गुरुवर आचार्य विद्यासागर जी महाराज कहते थे पानी से नहाओगे तो लिवास बदलोगे, पसीने से नहाओगे तो इतिहास बदलोगे।



9 अगस्त रविवार को पूज्य मुनि श्रमण सागर जी, मुनि ओंकार सागर जी महाराज के चातुर्मास कलश स्थापना का भव्य कार्यक्रम राघौगढ़ में आयोजित किया जा रहा है।जैन समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक जैन समाज के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने आयोजित कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है प्रातः 6:45 बजे से युवक युवतियों की मोटिवेशन क्लास, प्रातः 8:15 बजे से आचार्य विद्यासागर जी महाराज की सामूहिक पूजन, 8:30 बजे से विद्यासागर सभागार में मुनि श्रमण सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन होंगे। दोपहर 1:00 बजे से चातुर्मास कलश स्थापना का कार्यक्रम अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया है। इस अवसर पर इंदौर से सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य तरुण भैया जी पधार रहे हैं। बोलियों के माध्यम से चातुर्मास कलश स्थापित किये जायेंगे।कार्यक्रम में मुनि द्वय के मंगल प्रवचन होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट जनों को आमंत्रित किया है विभिन्न नगरों की जैन समाजों को भी आमंत्रित किया है। जैन समाज राघौगढ़ द्वारा सभी के भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम उपरांत की है।

छात्र संघ चुनाव की बहाली स्वस्थ लोकतंत्र की दिशा में ऐतिहासिक कदम



अशोकनगर। मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में लगभग 9 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद छात्र संघ चुनावों की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ होने का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय और स्वागत योग्य है। एक पूर्व छात्र नेता होने के नाते, मैं उच्च न्यायालय के इस ऐतिहासिक रुख और शासन के इस निर्णय का हृदय से स्वागत करता हूँ। यह बात कृष्णा यादव पूर्व छात्र नेता ने कही है, उन्होंने कहा कि छात्र संघ का चुनाव केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह उच्च शिक्षा परिसरों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और छात्रों के अधिकारों की रक्षा का सबसे सशक्त माध्यम है। पिछले नौ वर्षों से परिसरों में संवाद की जो शून्यता बनी हुई थी, वह अब समाप्त होगी हमारे द्वारा भी छात्र संघ चुनाव में भाग लिया गया था जो अविस्मरणीय है। यह चुनाव भविष्य के मजबूत नेतृत्व को गढ़ने का काम करेंगे।

मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की समीक्षा की



अशोकनगर। मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने जिले में आयोजित मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अभियान के प्रथम शिविर की जिलेवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण, शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण के संबंध में समीक्षा की।

साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासन आमजन के प्रति जवाबदेह एवं संवेदनशील होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी शिविर में सभी अधिकारी निर्धारित निर्देशों का पालन करते हुए शिविर स्थल पर समस्याओं का निराकरण एवं शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला स्तर पर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय,सीईओ जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,एसीईओ माधुरी पटेल,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन,एसडीएम अशोकनगर इसरार खान,एसडीएम मुंगावली बृजविहारी लाल श्रीवास्तव व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन एवं लोकसेवा में अशोकनगर जिले ने हासिल की बेहतर रैंकिंग

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत एक सप्ताह के दौरान लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत जिला अशोकनगर के मुंगावली तहसील में आयोजित शिविर के दौरान 1080 प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण कराया गया। जिससे जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा।

इस अवधि में लोकसेवा गारंटी के अंतर्गत जिले में नागरिकों की शिकायतों एवं आवेदनों के त्वरित निराकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप अशोकनगर जिले ने सीएम हेल्पलाइन एवं लोकसेवा के प्रकरणों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन किया है। सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में ब्लॉक मुंगावली ने प्रदेश स्तर पर 10वीं रैंक हासिल की है। वहीं सीएम हेल्पलाइन की ओवरऑल रैंकिंग में अशोकनगर जिले ने 5वीं रैंक प्राप्त की है। इसी प्रकार लोकसेवा के प्रकरणों के निराकरण में जिले ने ओवरऑल 4वीं रैंक हासिल की है। जिले की इस उपलब्धि से स्पष्ट है कि प्रशासन द्वारा नागरिकों की शिकायतों एवं आवेदनों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है।

जन हितैषी कार्यों को प्राथमिकता से करने का निर्णय जैन मिलन की बैठक में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय एंव क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने जैन मिलन शाखा शाढ़ौरा की मासिक बैठक में समाज एंव जनहितैषी कार्यों में सक्रियता से काम करने का संदेश दिया। समाज सेवा में अग्रणी संस्था जैन मिलन की मासिक बैठक शुक्रवार को रात्रि 9 बजे शाखा अध्यक्ष हर्षित जैन गांधी के निवास पर आयोजित की गई बैठक का शुभारंभ महावीर प्रार्थना से हुआ बैठक में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री वीर नरेश जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर सुभाष जैन कैंची क्षेत्रीय मंत्री वीर निर्मल जैन मिर्ची एंव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर सुनील जैन धन्नू अथिति के रूप में शामिल हुऐ शाखा की गतिविधियों की जानकारी शाखा मंत्री वर्धमान जैन ने रखी युवा इकाई के अध्यक्ष वैभव जैन एवं मंत्री संकेत जैन ने युवा सम्मेलन के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने जैन मिलन के वरिष्ठ सदस्य डां. भरत जैन को नगर परिषद में ऐल्डरमेन बनाये जाने पर पीत पट्टिका पहिना कर अभिनंदन किया आगामी समय में क्षेत्रीय युवा सम्मेलन कराये जाने पर चर्चा हुई इस मौके पर स्थानीय शाखा के राजेन्द्र जैन राकेश जैन अनिल बांझल सचिन गोयल चिराग जैन शरद जैन धर्मन्द्र जैन सहित अनेकों शाखा सदस्य उपस्थित थे राष्ट्रीय महामंत्री नरेश जैन ने शाखा की सक्रियता पर प्रसन्नता व्यक्त कर मेहनत से सेवा कार्य करते रहने का संदेश दिया शनिवार सुबह 9 बजे शाखा अध्यक्ष हर्षित जैन ने बैठक की जानकारी दी।

बाल कल्याण समिति अशोकनगर अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने दिया त्यागपत्र



अशोकनगर। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 27 के तहत गठित बाल कल्याण समिति जिला अशोकनगर के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने अपना त्यागपत्र जिला बाल संरक्षण अधिकारी को सौंप दिया है। उन्होनें त्यागपत्र में उल्लेख किया है कि विगत वर्षों से वे दीन-दुखियों की देखरेख एवं बच्चों के अधिकारों के लिए कार्य करते रहे हैं। प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारी मिलने के कारण अब वे समिति के अध्यक्ष पद पर रहते हुए दायित्वों का पूर्ण निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण उन्होंने नैतिकता के आधार पर पद से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बाल कल्याण समिति को मिले सहयोग के लिए जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। जिला प्रशासन द्वारा त्यागपत्र स्वीकार कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रावण माह के चलते शनिवार को दुर्लभ सयोग में सर्वार्थ सिद्धि योग एवं अमृत सिद्धि योग में रोहणी नक्षत्र युक्त व्रत किया गया। आज के व्रत का नाम रोहिणी व्रत है जो चंद्रमा से संबंधित है जो मन की अशांति को दूर करता है। सभी महिलाओं ने व्रत रख कर पूजन की तथा दोपहर 12 बजे के बाद काम का एकादशी श्रावण माह की कृष्ण पक्ष की प्रारंभ हो चुकी है शाम को भी विशेष पूजन किया जावेगा तथा केला वृक्ष एवं दूर्वा के पौधा रोपण किए गए जो की समस्त कामनाओं को पूर्ति करने वाला है। दूर्वा दल और दूसरा है तुलसी दल यानी कि दो दलों का पौधा रोपन किया गया 2 योगों में पूजन के बाद सामूहिक आरती की गई। दोनों मंदिरों में एक महाकालेश्वर और दूसरे नर्वदेश्वर और शनिवार होने के कारण श्री पंचमुखी हनुमान जी पर चमेली तेल युक्त सिंदूर का अभिषेक किया गया। शाम को महिलाओं द्वारा संगीत में ओम नमः शिवाय की ध्वनि शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक लगाई गई। तथा 8 बजे से श्रद्धालुओं द्वारा सुंदरकांड किया गया।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में निरीक्षण हेतु उच्च शिक्षा संचालनालय, भोपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी एवं निरीक्षण अधिकारी डॉ. आलोक निगम महाविद्यालय पहुँचे।

निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शैक्षणिक वातावरण, उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 60 विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ निरीक्षण अधिकारी डॉ. आलोक निगम का स्वागत किया गया। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने निरीक्षण अधिकारी के समक्ष विभिन्न शैक्षणिक एवं महाविद्यालयीन विषयों पर खुलकर एवं बेझिझक संवाद किया तथा अपने विचार, जिज्ञासाएँ एवं सुझाव रखे। डॉ. निगम ने विद्यार्थियों के साथ हुए संवाद को सार्थक एवं उपयोगी बताते हुए विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसरों का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात ईको क्लब द्वारा निरीक्षण अधिकारी डॉ. आलोक निगम एवं प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के साथ विज्ञान भवन के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं महाविद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए ईको क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी गई। निरीक्षण अधिकारी द्वारा जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के प्रभारी प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ अग्रणी प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश द्वारा निरीक्षण अधिकारी डॉ. आलोक निगम का स्वागत करते हुए किया गया। निरीक्षण अधिकारी द्वारा उच्च शिक्षा विभाग/शासन की मंशा अनुसार विभिन्न बिन्दुओं पर सभी प्रभारियों को दिशा निर्देश दिये। बैठक में शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी, शासकीय महाविद्यालय मुंगावली, शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़, शासकीय महाविद्यालय शाढ़ौरा, शासकीय महाविद्यालय पिपरई, शासकीय महाविद्यालय सेहराई एवं शासकीय विधि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उपस्थित रहे।

लीनेस क्लब सर्वमंगला ने चंदेरी साड़ियां धारण कर मनाया हथकरघा दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

7 अगस्त को 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब अशोकनगर सर्वमंगला द्वारा विशेष आयोजन किया गया। क्लब की सदस्यों ने चंदेरी साड़ियाँ पहनकर चंदेरी के कुशल बुनकरों की कला एवं प्रतिभा को सम्मानित किया। इस पहल के माध्यम से भारतीय हथकरघा परंपरा, स्थानीय कारीगरों और वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर चार्टर्ड प्रेसिडेंट दिव्य प्रभा तायडे,अध्यक्ष अमिता खेर,सचिव अंजना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष परमीत सेठी,उपाध्यक्ष रानी जुनेजा,संपदा वैद्य, रुचि शर्मा उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

रविवार को खाद का वितरण रहेगा बंद

अशोकनगर। जिले के किसानों को सूचित किया गया है कि यूरिया उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता 5005 मैट्रिक टन है। डबल लॉक केन्द्रों अशोकनगर, मुंगावली, पिपरई, एमपी एग्रो,सेवा सहकारी समिति, निजी विक्रेताओं पर यूरिया उर्वरक की उपलब्धता है। रविवार को उर्वरक विक्रय बंद रहेगा। सोमवार से उर्वरक वितरण का कार्य किया जाएगा।

तूमैन में नवांकुर सखियों की बैठक संपन्न

अशोकनगर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला अशोकनगर के विकास खंड अशोकनगर सेक्टर 3 तूमैन में कलेक्टर के निर्देशन में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान एवं विकास खंड समन्वयक मनोज यादव के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा आदर्श ग्राम तूमैन में नवांकुर सखियों की बैठक का आयोजन किया गया। विखं समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि 13 अगस्त को नवांकुर को पौधे भेंट किए जाएंगे जिसकी नवांकुर सखियां पौधों को संरक्षित एवं देखभाल करने का संकल्प लिया। बढ़ते प्रदूषण एवं घटते जल स्तर को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को बारिश के सीजन में पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए और उसे संरक्षित करना चाहिए। सीएम सीएलडीपीबी एसडब्लू एमएसडब्लू के पंजीयन पर भी चर्चा की गई।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम पीपरी निवासी गोविन्द पुत्र भगवानलाल कोरी उम्र 32 साल ने अपने ही घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

जहरीले पदार्थ का सेवन करने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम रांवसर जागीर निवासी अरूण पुत्र भरत केवट उम्र 28 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ईसागढ़ देहरदा रोड पर कोहरवास गांव के आगे अज्ञात वाहन चालक ने कल्याण पुत्र देवेन्द्र यादव उम्र 45 साल को टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की

अशोकनगर। जिले में जुए के कई अड्डों पर छापामार कार्यवाही की गई है। कोतवाली पुलिस ने छैघरा कॉलोनी में जुआ खेलते हुए रामकृष्ण लोधी, बलराम पाल, हरिप्रसाद लोधी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 850 रुपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार कोतवाली पुलस ने ही पटरी के पास खाली मैदान में छैःघरा कॉलोनी में जुआ खेलते हुए कन्हैया विश्वकर्मा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, रामपाल राजपूत को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी सहित 1020 रूपए बरामद किए हैं। देहात पुलिस ने ग्राम सहोदरी में जुंआ खेलते हुए जितेन्द्र रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, सुल्तान अहिरवार, रामकृष्ण रजक, मोहरसिंह अहिरवार, कमल सिंह अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 3810 रुपए बरामद किए हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशाला निवासी सुरेश प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रवि, भोला और नीलेश लोधी ने उससे मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत रांवसर जागीर निवासी सपना बाई बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजकुमार, रश्मि और सूरज बाल्मीक ने उससे मारपीट की। सेहराई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्मन खिरिया निवासी भाव से लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूजा बाई और लोकेश लोधी ने उससे मारपीट की।

महिला मंदिर से पूजा पाठ कर अपने घर लौट रही थी

भाजपा मंडल अध्यक्ष की मां को हिप्नोटाइज कर बदमाश जेवर, नगदी व मोबाइल ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





बदमाशों ने महिला को हिप्नोटाइज किया और पानी की बोतल खरीदने ले गए

अशोकनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन की मां अनंत देवी जैन पत्नी स्वर्गीय पदम जैन शनिवार की सुबह मंदिर पूजा पाठ के लिए गईं थीं वहां से सुबह 7 बजे घर वापस लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने उन्हें हिप्पनोटाइज कर पहने हुए गहने, पर्स में रखे नगदी रुपए और दो मोबाइल अपने साथ ले गए। बदमाश जैसा कहते गए महिला वैसा करती रही, जब बदमाश घटना को अंजाम देकर भाग गए तब महिला को लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है तब महिला अपने परिवार जनों को घटना से अवगत कराया।

8 लाख रुपए के जेबर ले गए बदमाश

इस घटना में अज्ञात बदमाश महिला के गले में पहनी हुई सोने की चैन, सोने की अंगूठी, सोने की चूड़ी, और दो मोबाइल फोन व नगदी 3000 रूपए अपने साथ लेकर भाग गए। महिला ने घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली अशोकनगर में दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वह सुभाषगंज जैन मंदिर से पूजा पाठ कर अपने घर आई तो घर के आगे एक अज्ञात व्यक्ति आया जो कहने लगा कि वह हरिद्वार में चश्में का कार्य करता है क्या आप जानती हो। उसने कहा कि आपके पति को गुजरे हुए 9 साल हो गए हैं ऐसा ही संकट आपके पुत्र पर आने वाला है क्योंकि मातारानी आपसे रूष्ठ हैं। इसी बीच एक दूसरा अन्य व्यक्ति आया और वह उससे कहने लगा कि दो बार अटैक आ गया है, तब लगा कि वह मेरे मन की बात कह रहा है मुझे उसकी बातों पर विश्वास हो गया तब मैने कहा कि मुझे क्या करना चाहिए।

इस दौरान अज्ञात बदमाशों से इस संकट का समाधान बताते हुए कहा कि 5 रूपए आप मिलां दे और 5 रूपए दूसरे व्यक्ति से कहा कि तुम मिला दो एक पानी की बोतल ले आते हैं। तब महिला ने कहा कि वह अपने घर के ऊपर से पानी केंपर लेकर आती है वह कहने लगे कि बोतल का पानी चाहिए। इस दौरान वह महिला को अपने साथ लेकर गए और रेलवे स्टेशन के पास दुकान से पानी की बोतल लेने के लिए चले गए। दूसरे व्यक्ति ने 10 रूपए और मिलाए 20 रूपए में बोतल ली और कहा कि वह हरिद्वार जाकर माता रानी पर यह जल चढ़ा देगें पर मातारानी को सोने के आभूषण पसंद नहीं हैं।

सोने के आभूषण एक-एक कर पर्स में रखवाए और गायब हो गए

इसलिए सोना तुम्हारे शरीर पर नहीं होना चाहिए इसको उतारकर अपने पर्स में रख लो। ऐसा कहने पर महिला ने अपने जेबर अपने पर्स में रख लिए और एक व्यक्ति कहने लगा कि तुम 5 कदम चलो और पीछे मुड़कर मत देखना। कुछ देर बाद मैने पीछे मुड़कर देखा तो वह दोनों नहीं थे और मेरे पर्स को लेकर जा चुके थे। मैने घर पर बेटे प्रांजल को आवाज दी उसे सारी घटना बताई। घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। इस घटना को लेकर पुलिस आस पास के सभी घरों के और दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आरोपियों की तलाश करने में जुटी है। इस घटना से यह लगता है कि यह आरोपी पहले से रैकी कर चुके थे उन्हें पता था कि महिला इतने समय पर मंदिर आती है और कब लौटती है। उसे इस घटना क्रम से यह भी पता लगता है कि वह परिवार के बारे में भी जानकारी रखते थे या उन्होंने जानकारी जुटा ली थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में आरोपियो की तलाश कर रही है, जो फुटेज सामने आए हैं उन फुटेजों के आधार पर भी पुलिस आरोपियो की तलाश कर रही है। इस संबंध में सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रतापसिंह चैहान ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें लगी हैं।

विभिन्न ब्राण्ड के घी की जब्ती

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने लिए घी के नमूने, जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जुलाई माह में चले दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद के संबंध में विशेष अभियान अंतर्गत भोपाल में लिये गये द्वारकेश घी,भूमि घी, शगुन घी,गोवर्धन घी तथा धौलपुर फ्रेश घी के असुरक्षित पाये जाने पर नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल द्वारा दिये गए निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन,अशोकनगर के द्वारा कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिले भर में लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान पुराना बाजार स्थित राहुल एजेंसी से गोवर्धन घी तथा राजभोग घी,विदिशा रोड,त्रिदेव मंदिर के पास स्थित चैधरी सेल्स से पतांजलि घी तथा सुभाषगंज स्थित अमित ट्रेडर्स से देशी घी धौलपुर फ्रेश का नमूना लिया जाकर जांच हेतु भेजा गया। आगामी कार्यवाही जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत की जाएगी।

वर्तमान में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा उक्त लिये गये नमूनो के संबंध में विवेचना की जा रही है तथा मौके पे उपलब्ध गोवर्धन घी,राजभोग घी तथा धौलपुर फ्रेश घी को जब्त भी किया गया है। जिसका कुल मूल्य लगभग 02 लाख रूपये है। नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वह सभी धी जो कि 400 से लेकर 500 रूपये किलो की कीमत में बेचे जाते है। उनकी शुद्धता संदेह के घेरे में आती है। शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा जिले में जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। बाजारों में उपलब्ध इस प्रकार के सस्ते घी जैसे डी एफ गोल्ड घी,बृजवासी घी, श्रीकृष्ण मोहन घी,गोपीश्री इत्यादि का नमूना लिया गया है तथा इन पर संबधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध न्यायालयीन प्रकरण भी दर्ज किये जा चुके है। इसके अतिरिक्त मधुसूदन घी तथा हरियाणा फ्रेश घी का भी नमूना लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट प्राप्ति अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा आगामी कार्यवाही की जावेगी। जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आम जनता से भी अपील की गई है कि कम मूल्य पर विक्रित किये जा रहे इन सस्ते घी तथा तेल एवं वनस्पति से निर्मित किये जाने वाले कुकिंग मीडियम के उपयोग से बचे एवं सस्ते के लालच में अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें और यदि किसी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा इस प्रकार के सस्ते घी का विक्रय किया जा रहा है तो इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा प्रशासन अशोकनगर को दें।

मंडी में अप्रैल से जुलाई तक आवक में 6 प्रतिशत व आय में 94 प्रतिशत की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





अशोकनगर कृषि उपज गल्ला मंडी में अप्रेल से जुलाई तक के आंकड़ों को अगर देखें तो आय में गतवर्ष की तुलना में 94 प्रतिशत की अधिक वृद्धि हुई है जबकि आवक में 6 प्रतिशत की वृद्धि रही है। मंडी में आय का लगातार आंकड़ा बढ़ रहा है।

कृषि उपज मंडी के सचिव प्रेम सिंह मीणा ने बताया कि मण्डी में अप्रेल से जुलाई 2025 में 203510 मेट्रिक टन माल की आवक हुई थी, इस वर्ष अप्रेल से जुलाई 2026 तक माल की आवक 215720 मेट्रिक टन हुई है जिससे 6 प्रतिशत माल की अधिक आवक हुई है। अगर आय के आंकड़ों की बात करें तो अप्रेल से जुलाई 2025 तक अशोकनगर मंडी को आय 7162678 रूपए की आय हुई थी, इस वर्ष अप्रेल से जुलाई 2026 तक यह आय 13911312 की हुई है जो 94 प्रतिशत अधिक है। इतनी आय इससे पहले अशोकनगर मण्डी को कभी नहीं हुई।

अशोकनगर मंडी में गेहूं की आवक 12909 टन हुई, जबकि चना की आवक 2369 मेट्रिक टन रही, बड़ी फसलों में मक्का की आवक 226 टन, मसूर की आवक 497 टन, सरसों की आवक 1206 मेट्रिक टन और सोयाबीन की आवक 3676 मेट्रिक टन रही। यानी अप्रेल से जुलाई 2026 तक कुल माल की आवक अशोकनगर मण्डी में 21572 मेट्रिक टन रही। जिसमें छः प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि गत वर्ष इन चार महीनों में गेहूं की आवक 12987 मेट्रिक टन थी, चना की आवक 1493 मेट्रिक टन थी, सोयाबीन की आवक 4138 मेट्रिक टन थी सरसों की आवक 639 टन, मसूर की आवक 328 मेट्रिक टन थी और मक्का की आवक 21 मेट्रिक टन थी। मण्डी में पिछले 4 महीनों में आवक और आय दोनों बढ़ी हैं।

मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत मुंगावली में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत सभागृह, मुंगावली में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय,जनपद पंचायत अध्यक्ष मुंगावली विजयालक्ष्मी जैन, सीईओ जिला पंचायत राजेश जैन, एसडीएम मुंगावली बृजविहारी लाल श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद मुंगावली सीएमओ विनय कुमार भट्ट, महाप्रबंधक उद्योग विभाग सतेन्द्र लोधा, जनप्रतिनिधि एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उद्यम संवाद कार्यक्रम में विभिन्न स्वरोजगार योजना से संबंधित हितग्राही उपस्थित हुए जिन्हें स्वरोजगार योजना के तहत स्वीकृत/वितरण पत्र भी प्रदान किये गये। साथ ही उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विभिन्न स्वरोजगार विभागों द्वारा अपनी- अपनी योजनाओं के बारे में भी हितग्राहियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई।

शिक्षकों व विद्यार्थियों से किया संवाद

पुलिस अधिकारियों ने विद्यालयों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में विद्यालयों को सुरक्षित, भयमुक्त एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष पहल प्रारंभ की गई है। जिले के विभिन्न विद्यालयों में पुलिस अधिकारियों द्वारा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसरों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ से उनकी सुरक्षा संबंधी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों के संबंध में चर्चा की गई। विद्यार्थियों से भी संवाद स्थापित कर उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस अथवा विद्यालय प्रबंधन को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य विद्यालयों के आसपास असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी बढ़ाना तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करना है। पुलिस द्वारा विद्यालयों के आसपास नियमित गश्त एवं निगरानी के माध्यम से सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों की विद्यालयों में नियमित उपस्थिति से पुलिस, शिक्षक एवं विद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है। पुलिस अधिकारियों के साथ सीधे संवाद से शिक्षकों को अपनी समस्याएं एवं सुझाव सहज रूप से रखने का अवसर मिल रहा है। विद्यार्थियों के लिए निर्भीक, सुरक्षित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने में भी सहायता मिल रही है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालयों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना अत्यंत सराहनीय कदम है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा विद्यालयों में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारी, बीट प्रभारी एवं माइक्रो बीट प्रभारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले विद्यालयों के शिक्षकों एवं स्कूल स्टाफ से नियमित संपर्क बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के निर्देश दिए हैं। विद्यालय अथवा उसके आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्व की मौजूदगी या सुरक्षा संबंधी समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए, ताकि पुलिस द्वारा समय पर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। विद्यालयों के आसपास सतत निगरानी, नियमित गश्त एवं आवश्यकता अनुसार प्रभावी सुरक्षात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कई बच्चों की सर्जरी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल में निःशुल्क सर्जरी हुई। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि जन्म से सुनने और बोलने में असमर्थ कस्बारेंज निवासी 4 वर्षीय आतिफ खान अब धीरे-धीरे सुनने और बोलने लगेगा आरबीएसके कार्यक्रम के तहत हुई निशुल्क क्लियर इंप्लांट सर्जरी ने उसके जीवन में नई उम्मीद जगा दी है। आतिफ जन्म से सुनने बोलने में असमर्थ था राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग के दौरान उसे चिन्हित कर जिला चिकित्सालय अशोकनगर रेफर किया गया। उसके उपरांत ऑडियोलॉजिस्ट विवेक सोनी द्वारा जाँच कर भोपाल के दिव्या मदज क्लिनिक में सर्जरी के लिए रेफर किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अलका त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित समिति ने सर्जरी के लिए 6,50,000 की राशि स्वीकृत की जुलाई माह में आतिफ का निःशुल्क कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी हुई। अब आतिफ कि एवीटी श्रवण-मौखिक चिकित्सा) होगी जिससे आतिफ सुनने बोलने में समर्थ हो जाएगा।

अशोकनगर में 22 मिमी, ईसागढ़ व चंदेरी में 30-30 मिमी वर्षा

अभी तक जिले में हुई महज 40.65 प्रतिशत बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बीती रात अशोकनगर जिले में हुई वर्षा से उम्मीद जगी थी कि यह वर्षा लगातार जारी रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ बादल आए बरसे और चल गए। इस दौरान अशोकनगर में 22 मिलीमीटर, ईसागढ और चंदेरी में 30-30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अभी तक जिले में 40.65 प्रतिशत वर्षा ही हुई है। जिसमें अशोकनगर में 28.35, चंदेरी में 42.40 प्रतिशत,ईसागढ में 24.72 और मुंगावली में 69 प्रतिशत वर्षा हुई है। जिला गत वर्ष से 709.50 मिलीमीटर पीछे है। जिले में अब तक हुई वर्षा की बात करें तो अशोकनगर में 241 मिलीमीटर, चंदेरी में 424 मिलीमीटर, ईसागढ़ में 217 मिलीमीटर, और मुंगावली में 552 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक अशोकनगर में 798 मिलीमीटर, चंदेरी में 1127 मिलीमीटर, ईसागढ में 1149 मिलीमीटर और मुंगावली में 1198 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।

अशोकनगर जिले में अभी तक मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक वर्षा मुंगावली में 552 मिलीमीटर हुई है, मुंगावली में गत वर्ष भी आज दिनांक तक अच्छी वर्षा हुई थी, दरअसल मुंगावली का क्षेत्र सागर जिले से जुड़ा हुआ है, और सांगर जिले में जो वर्षा होती है उसकी एक पटटी मुंगावली से गुजरती है, जिसका असर मुंगावली में पड़ता है और मुंगावली को अच्छी बर्षा का लाभ मिल रहा है। मध्यप्रदेश में ग्वालियर चंबल संभाग में मानसून की वर्षा कमजोर है जिसका असर अशोकनगर जिले की शेष तहसीलों में भी पड़ रहा है। जिले की ईसागढ़ तहसील में मात्र 217 मिलीमीटर वर्षा हुई है जबकि अशोकनगर दूसरे क्रम पर है जहां वर्षा का आंकड़ा 241 मिलीमीटर का है।

अशोकनगर जिले की अशोकनगर तहसील में 850 मिलीमीटर औसत वर्षा मानी जाती है, गतवर्ष 1191 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यहां औसत वर्षा से 341 मिलीमीटर अधिक पानी गिरा था। इसी प्रकार चंदेरी में 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1794 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यहां 794 मिलीमीटर अधिक पानी गिरा था। जबकि ईसागढ में 878 मिलीमीटर औसत वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1590 मिलीमीटर बारिस हुई थी यहां 712 मिलीमीटर अधिक वर्षा हुई थी। इसी प्रकार मुंगावली में 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1593 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यानी 793 मिलीमीटर अधिक पानी गिरा था। पूरे जिले को औसत वर्षा के रूप में 882 मिलीमीटर वारिस की जरूरत है, गतवर्ष 1542 मिलीमीटर बारिस हुई थी और अभी तक 358 मिलीमीटर वर्षा हुई है, औसत वर्षा से अशोकनगर जिला 524 मिलीमीटर पीछे है।

फुटकर वर्षा से खेती को लाभ जल स्त्रोत खाली

जिले में वर्षा जून से आज दिनांक तक जो पानी गिरा है वह पानी फुटकर में गिरता आ रहा है कहा जाता है कि बूंद बूंद से घड़ा भरता है, लेकिन यह बूंद-बूंद पानी नदी नालों और तालाबों के काम नहीं आ रहा। यहां वर्षा का पानी फुटकर में गिरने के कारण तालाबों में नहीं पहुंच रहा है, जिससे अशोकनगर जिले के सभी जल स्त्रोत खाली पड़े हैं। बीती रात एक दिन में जो वर्षा हुई है वहीं वर्षा बड़ी वर्षा के रूप में सामने आ रही है सबसे अधिक चिंता अशोकनगर शहर के लोगों को है कि अगर पानी आने वाले दिनों में नही गिरा तो शहर की जनता को अमाही तालाब में पानी न आने के कारण जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। यह खतरनाक चैतावनी अशोकनगर का अमाही जलाशय दे रहा है। एक ओर जल संकट है तो दूसरी और जिले में फसलें तैयार हो रही हैं भले ही इस पानी से जल स्त्रोत न भरे हों लेकिन फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है जो फसलों के अनुकूलता के अनुपात में ठीक है जिसके कारण फसलें अच्छी स्थिति में बताई जा रही हैं।

पड़रिया व पलकाटोरी में बूथ समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में पछार मंडल के ग्राम पड़रिया एवं पलकाटोरी में शनिवार को बूथ समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक रणनीति तैयार की। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, जिला उपाध्यक्ष एवं पछार मंडल प्रभारी दीपक पालीवाल, मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा, सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक,पड़रिया सरपंच मेहरबान सिंह,कार्तिक शर्मा,लालाराम कुशवाहा, प्रदुम्न यादव, मुकेश पाल सहित बूथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

एकमात्र विद्यालय बना जहां शासकीय स्तर पर कृषि शिक्षा उपलब्ध होगी

पीएमश्री स्कूल को मिली कृषि संकाय की सौगात क्षेत्र के विद्यार्थियों के सपनों को मिलेगी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय लखनवास के माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए एक बड़ी खुशखबर मिली है। विद्यालय में कक्षा 11 वीं में कृषि संकाय प्रारंभ करने की औपचारिक अनुमति मिल गई है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी इस स्वीकृति के साथ ही यह ब्यावरा विकासखंड का एकमात्र विद्यालय बन गया है। जहा शासकीय स्तर पर कृषि शिक्षा उपलब्ध होगी।



3 माह के रिकॉर्ड समय में मिली स्वीकृति

लखनवास कस्बे से लगभग पचास ग्रामीण क्षेत्र सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं जिसके चलते यहाँ के एकमात्र हायर सेकेंडरी स्कूल पर बड़ी जिम्मेदारी थी। कृषि के क्षेत्र में रोजगार और करियर की अपार संभावनाओं को देखते हुए संकुल प्राचार्य केवलसिंह भिलाला ने मई 2026 में शासन को कृषि संकाय शुरू करने का प्रस्ताव भेजा था। प्राचार्य के त्वरित एवं समर्पित प्रयासों का ही परिणाम है कि महज तीन माह के भीतर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई।

विद्यार्थियों और क्षेत्र क मिलने वाले मुख्य लाभ

पीएटी के माध्यम से नए अवसर अब क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थी प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट पीएटी की तैयारी कर देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित कृषि विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा व अनुसंधान रिसर्च कर सकेंगे। गणित या अन्य विषयों में कठिनाई महसूस करने वाले विद्यार्थियों को अब एक बेहतरीन और व्यावहारिक विषय का विकल्प मिलेगा जिससे वे कृषि वैज्ञानिक और कृषि अधिकारी जैसे प्रतिष्ठित पदों तक पहुँच सकेंगे।

50 से अधिक गांव को सीधी सुविधा

लखनवास क्षेत्र के आसपास करीब 50 से भी अधिक गांव लगे हुए है, लेकिन क्षेत्र में कहीं भी इस प्रकार की सुविधा नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए बाहर जाना पड़ता था, जो अब गांव के पास ही संभव होगा। खुशी की लहर इस सौगात की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार क्षेत्र के बुद्धिजीवियों जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। सभी ने प्राचार्य केवलसिंह भिलाला के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे लखनवास और आसपास के ग्रामीण अंचल के विकास में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

महामंडलेश्वर परमानंद महाराज का नगर आगमन

आध्यात्मिकता को महत्व देते हुए ईश्वर से अपना जुड़ाव बढ़ाना चाहिएः महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

गुरु पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के ट्रस्टी और राष्ट्रीय संत युगपुरुष महामंडलेश्वर परमानंद महाराज का शनिवार को आगमन हुआ। उन्होंने भोपाल बायपास स्थित अखंड परमधाम आश्रम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भक्तों और नागरिकों को आध्यात्मिक प्रवचन दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। परमानंद महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में आध्यात्मिकता को महत्व देते हुए ईश्वर से अपना जुड़ाव बढ़ाना चाहिए। उन्होंने इसे ही जीवन की वास्तविक पूंजी बताया। महाराज ने समझाया कि मनुष्य की शारीरिक आयु अलग होती है, लेकिन उसकी आध्यात्मिक और सत्संग की आयु ही उसकी वास्तविक जमा पूंजी है, जो जीवन को सार्थक दिशा देती है। उन्होंने आगे कहा कि भौतिक सुख-सुविधाएं और धन-संपत्ति जीवन के साथ समाप्त हो जाती हैं, जबकि आध्यात्मिक रूप से अर्जित ज्ञान और संस्कार मनुष्य के जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को संतों की शरण में रहकर सत्संग से जुड़ना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से सत्संग सुनने और आध्यात्मिकता को अपनाने का आह्वान किया।

महाराज ने जोर दिया कि यदि मनुष्य को सच्चे ज्ञान की प्राप्ति करनी है तो उसे गुरु की शरण में जाना होगा। गुरु के मार्गदर्शन से ही सत्य का बोध होता है और व्यक्ति अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझ पाता है। कार्यक्रम के दौरान अखंड परमधाम आश्रम समिति की ओर से परमानंद जी महाराज की पावन आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पादुका पूजन और गुरु पूजन किया। धार्मिक आयोजन के समापन पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रवचन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया और कहा कि श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

विधायक निधि से होगा निर्माण

ताखाजी महाराज मंदिर पर दस लाख से बनेगा सामुदायिक भवन



आयोजकों ने विधायक एवं अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया। माचलपुर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर के ताखाजी महाराज के मंदिर में सप्ताहजी भजनों का आयोजन चल रहा है। कार्यक्रम विधायक हजारीलाल दांगी, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद प्रतिनिधि मदनसिंह गुर्जर एवं मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोई रात्रि में सप्ताहजी की ज्ञानगंगा में सम्मलित होकर भजनो का आनंद लिया। जहां पर आयोजकों ने विधायक एवं अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया। उसके बाद विधायक दांगी ने सबकी उपस्थिति में मंदिर में सामुदायिक भवन और पेवर्स के लिए 10 लाख रुपये की राशि अपनी विधायक निधि से स्वीकृत करने की घोषणा की। साथ ही लोगों को आश्वासन दिया कि एक वर्ष के अंदर यह दोनों कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो जाएंगे। साथ ही माचलपुर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो बहुत ही जल्दी नगर को सौगात के रूप में मिलेगी। माचलपुर ही नहीं पूरी खिलचीपुर विधानसभा में जब से भाजपा सरकार आई हे तब से हम हर नगर के हर गांव के मंदिरों में विशेष ध्यान दे रहे हे ताकि लोग धार्मिक भावना के साथ साथ सनातन संस्कृति से जुड़े युवाओ को सनातन से जोड़ने के लिए भी हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। बतादे की ताखाजी महाराज का मंदिर बहुत प्राचीन मंदिर है, जो नगर एवं क्षेत्र की आस्था का केंद्र हे यहाँ लोगों की मन्नते पूरी होती हे एवं प्रतिवर्ष यहां सप्ताहजी का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल होते है।

धड़ल्ले से हो रहा अवैध कॉलोनियों का निर्माण, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

कहीं बिना मापदंड अनुमति तो कहीं खेतों में ही काटे जा रहे प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शहर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों का निर्माण एक बार फिर तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है। कृषि भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में बांटकर प्लॉट काटने का सिलसिला लगातार जारी है। कई स्थानों पर कॉलोनी विकास के निर्धारित मापदंडों, आवश्यक अनुमतियों और मूलभूत सुविधाओं के बिना ही प्लॉटिंग किए जाने के आरोप हैं। इसके बावजूद भूखंडों की खरीद-फरोख्त, रजिस्ट्री और कुछ मामलों में नगर पालिका द्वारा नामांतरण किए जाने की बात सामने आ रही है। इससे प्रशासनिक निगरानी और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के बाहरी क्षेत्रों में कृषि भूमि खरीदकर उसे छोटे-छोटे प्लॉटों में विभाजित करने का खेल लंबे समय से चल रहा है। आरोप है कि कई स्थानों पर सड़क, नाली, जल निकासी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था किए बिना ही प्लॉट बेचने शुरू कर दिए जाते हैं। खेतों में रास्ते निकालकर भूखंडों की बिक्री की जा रही है। आकर्षक दरों और भविष्य में सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा देकर लोगों को प्लॉट बेचे जाते हैं, लेकिन बाद में खरीदारों को वैधता, निर्माण अनुमति और मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशानी उठानी पड़ सकती है।

अनुमति प्रक्रिया पर भी सवाल

शहर में विकसित हो रही कॉलोनियों को लेकर नगर एवं ग्राम निवेश विभाग की अनुमति प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है। चर्चा है कि कुछ कॉलोनियों को निर्धारित मापदंड पूरे किए बिना अनुमति मिलने की बात सामने आ रही है, जबकि दूसरी ओर कई स्थानों पर बिना अनुमति के ही कृषि भूमि पर प्लॉटिंग की जा रही है। सवाल यह है कि स्वीकृत कॉलोनियों में सड़क की चैड़ाई, पार्क, नाली, जल निकासी, विद्युत व्यवस्था और सार्वजनिक उपयोग की भूमि जैसे आवश्यक प्रावधानों का पालन हो रहा है या नहीं। वहीं बिना अनुमति हो रही प्लॉटिंग पर संबंधित विभागों की नजर क्यों नहीं पड़ रही?



अवैध कॉलोनी के प्लॉटों की रजिस्ट्री कैसे?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कोई कॉलोनी निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वीकृत नहीं है, तो वहां काटे गए प्लॉटों की रजिस्ट्री किस आधार पर हो रही है? बताया जा रहा है कि कुछ संदिग्ध कॉलोनियों में प्लॉट बेचने के साथ उनकी रजिस्ट्री भी कराई जा रही है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि रजिस्ट्री से पहले संबंधित भूखंड और कॉलोनी की वैधता की जांच किस स्तर पर होती है। आम नागरिक अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदता है। यदि बाद में कॉलोनी अवैध या अनधिकृत निकलती है तो उसका सबसे बड़ा नुकसान खरीदार को ही उठाना पड़ता है। इसलिए रजिस्ट्री प्रक्रिया में कॉलोनी की वैधता की जांच बेहद महत्वपूर्ण है।

नामांतरण को लेकर भी उठ रहे सवाल

अवैध कॉलोनियों के भूखंडों के नामांतरण को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि कुछ ऐसे भूखंडों के नामांतरण की प्रक्रिया भी की जा रही है, जिनकी कॉलोनी की वैधता स्पष्ट नहीं है। यदि किसी कॉलोनी को अवैध माना गया है या उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है तो फिर उसी कॉलोनी के भूखंडों का नामांतरण किस आधार पर किया जा रहा है? क्या नामांतरण से पहले कॉलोनी की विकास अनुमति और अन्य दस्तावेजों की जांच की जाती है? इन सवालों का स्पष्ट जवाब संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित है।

पूर्व में कलेक्टर ने अपनाया था सख्त रुख

गौरतलब है कि राजगढ़ जिले के कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पूर्व में अवैध कॉलोनियों के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई और नामांतरण-रजिस्ट्री पर रोक जैसे कदम उठाए गए थे। संबंधित कॉलोनाइजरों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई थी। माना जा रहा था कि इससे अवैध प्लॉटिंग पर अंकुश लगेगा, लेकिन वर्तमान में शहर के आसपास तेजी से हो रही प्लॉटिंग को देखकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या कार्रवाई के बाद निगरानी व्यवस्था कमजोर पड़ गई है?

कार्रवाई के बाद फिर शुरू हुआ खेल?

यदि प्रशासन की पूर्व कार्रवाई के बावजूद नई कॉलोनियां विकसित हो रही हैं तो जिम्मेदारी तय होना जरूरी है। कृषि भूमि पर प्लॉटिंग शुरू होने, सड़कें बनने और प्लॉटों के प्रचार-प्रसार के बावजूद संबंधित विभागों को इसकी जानकारी क्यों नहीं मिलती? समय रहते कार्रवाई हो तो आम लोगों को अवैध कॉलोनियों में अपनी गाढ़ी कमाई लगाने से बचाया जा सकता है।

आम लोगों के साथ धोखे का खतरा

अवैध कॉलोनियों का सबसे बड़ा नुकसान प्लॉट खरीदने वाले लोगों को उठाना पड़ता है। कई बार कॉलोनाइजर सड़क, नाली, बिजली, पानी और पार्क जैसी सुविधाओं का भरोसा दिलाते हैं, लेकिन प्लॉट बिकने के बाद सुविधाएं विकसित नहीं हो पातीं। बारिश में जलभराव और कीचड़ की समस्या सामने आती है। वहीं वैधता स्पष्ट नहीं होने पर भविष्य में मकान निर्माण, बैंक ऋण और अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में भी दिक्कत आ सकती है। जिम्मेदार विभागों की भूमिका भी जांच के दायरे में किसी कॉलोनी की वैधता में भूमि की स्थिति, डायवर्सन, विकास अनुमति, नगर एवं ग्राम निवेश की अनुमति, रजिस्ट्री और नामांतरण जैसी कई प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। ऐसे में यदि कोई अवैध कॉलोनी विकसित हो रही है तो केवल कॉलोनाइजर ही नहीं, बल्कि संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था की भी जांच जरूरी है। जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और यदि जानकारी नहीं थी तो विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

प्रशासन कराए सर्वे, हो जिम्मेदारी तय

शहर और आसपास विकसित हो रही कॉलोनियों का प्रशासन को सर्वे कराना चाहिए। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कौन-सी कॉलोनी वैध है, किसे अनुमति मिली है, कहां नियमों का पालन नहीं हो रहा और किन कृषि भूमियों पर बिना अनुमति प्लॉटिंग की जा रही है। पूर्व में कार्रवाई की गई कॉलोनियों के रजिस्ट्री और नामांतरण मामलों की भी जांच होनी चाहिए। यदि बिना अनुमति प्लॉट काटकर बेचने की पुष्टि होती है तो संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हो। वहीं किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही अथवा मिलीभगत सामने आती है तो उसकी भी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। अब सवाल यही है कि क्या प्रशासन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ फिर सख्त अभियान चलाएगा? शहर में तेजी से बढ़ती प्लॉटिंग ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जरूरत केवल आदेश जारी करने की नहीं, बल्कि मौके पर जांच कर अवैध कॉलोनियों की पहचान करने, प्लॉट बिक्री पर रोक लगाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करने की है।

तो जांच करेंगे

अवैध कॉलोनी का मामला अगर संज्ञान में आता हैं तो जांच कर कार्यवाही करेंगे,
कपिल शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर

500 से विद्यार्थियों ने सीखे जीवनरक्षक हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल त्योंदा में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता के निर्देश तथा डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक कुमार जैन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में 500 से अधिक विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ ने भाग लिया।

एसडीईआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता और बचाव के व्यवहारिक तरीके सिखाए। सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का लाइव प्रदर्शन कर हृदयगति रुकने की स्थिति में प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही भूकंप, बाढ़, आगजनी, आकाशीय बिजली और सर्पदंश जैसी आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। स्थानीय संसाधनों से तैयार किए जा सकने वाले अस्थायी बचाव उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को 'दामिनी' और 'सचेत' ऐप की उपयोगिता बताते हुए कहा कि दामिनी ऐप वज्रपात की पूर्व चेतावनी देता है।

मारपीट के दोषी को एक वर्ष के कारावास की सजा

विदिशा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय की न्यायाधीश रिनी खान शेख ने मारपीट के एक मामले में आरोपी राजेश नामदेव (50), निवासी विदिशा को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रियंका जैन ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार 2 अप्रैल 2025 की सुबह फरियादी अपने घर के बाहर सफाई कर रहा था। इसी दौरान आरोपी ने सफाई को लेकर विवाद करते हुए गालियां दीं और डंडे से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के दाहिने हाथ में चोट आई। पुलिस ने विवेचना पूरी कर न्यायालय में चालान पेश किया। साक्ष्यों एवं अभियोजन के तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई।

वारदातों से भय का माहौल

घर का ताला तोड़कर जेवरात चोरी पुलिस ने किया मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के बदलीपुरा क्षेत्र में एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा जेवरात चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में चोरी की वारदातों को लेकर लोगों में भय का माहौल है। फरियादी ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मोना पति दिनेश चैहान के मकान में 6 अगस्त की रात अज्ञात चोर ने उस समय धावा बोला, जब परिवार के सदस्य घर से बाहर थे। चोर ने मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे जेवरात चोरी कर फरार हो गया। फरियादी के अनुसार, चोरी गए सामान में करीब 200 ग्राम चांदी, एक सोने की अंगूठी सहित अन्य आभूषण शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। घर लौटने पर मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला और घर का सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद चोरी की जानकारी सामने आई। फरियादी ने घटना की जानकारी अपने भाई निखिल को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चोर की तलाश की जा रही है।

लगातार चोरी की घटनाओं से बढ़ी चिंता

नगर में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं के चलते नागरिकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरकारी-प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थी पहुंचे

दौड़, लॉग जंप समेत 26 खेलों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खेल स्टेडियम में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय शासकीय-अशासकीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न शासकीय और अशासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। खिलाड़ियों ने अलग-अलग एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप और हाई जंप सहित कुल 26 स्पर्धाएं आयोजित की गईं। मैदान में उतरे खिलाड़ियों में जीत को लेकर खासा उत्साह देखा गया। प्रतिभागियों ने दौड़ और जंप स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया।

आयोजकों के अनुसार विकासखंड स्तर पर एथलेटिक्स के कुल 26 इवेंट्स कराए जा रहे हैं। इनमें विभिन्न आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका दिया गया है। प्रतियोगिता में विकासखंड के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता में अपने-अपने इवेंट में प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।



इसके चलते खिलाड़ियों में बेहतर प्रदर्शन कर जिला स्तर पर चयनित होने की होड़ भी देखने को मिली।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्कूल स्तर से ही बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच उपलब्ध कराना है। यह विशेष रूप से ग्रामीण और शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा को बड़े स्तर पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रही है। रविकांत नामदेव ने बताया कि विकासखंड स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट्स जैसे 100, 200 और 400 मीटर दौड़ के साथ लॉन्ग जंप और हाई जंप शामिल हैं। सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप और हाई जंप सहित कुल 26 स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

कथा में द्वादश स्कंधों का आध्यात्मिक सार बताया

विदिशा। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक ने द्वादश स्कंधों का आध्यात्मिक एवं दार्शनिक सार प्रस्तुत करते हुए संतोष शास्त्री बताया कि भागवत के प्रत्येक स्कंध में मानव जीवन के उत्थान, भक्ति, ज्ञान और मोक्ष का मार्ग निहित है। प्रथम स्कंध में अधिकार एवं संत-संग, द्वितीय में ज्ञान, तृतीय-चतुर्थ में ज्ञान को जीवन में उतारने, पंचम में गुरु उपदेश के आचरण, षष्ठम में ईश्वर कृपा, सप्तम में संत धर्म एवं सदाचार, अष्टम में रासलीला के माध्यम से जीव-ईश्वर मिलन, नवम में सूर्यवंश और चंद्रवंश के आदर्श, दशम में श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, एकादश में भक्ति, वैराग्य और हृदय शुद्धि तथा द्वादश स्कंध में कलियुग, धर्म और राजवंशों का वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलाने वाला सर्वसिद्धिदायक ग्रंथ है।